**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड-मचिलीपट्णम**
**(रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक उद्यम)**

**विज्ञापन सं. बीईएल/एमसी/02/2025-26**

## <u>प्रबंधन औद्योगिक प्रशिक्षु (सीएमए/सीए) की नियुक्ति</u>

भारत की प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स और नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अपनी मचिलीपट्णम यूनिट के लिए सीएमए/सीए (इंटरमीडिएट) योग्यता रखनेवाले 03 प्रबंधन औद्योगिक प्रशिक्षुओं को नियुक्त करना चाहती है।

**पात्रता**

- उम्मीदवारों को आईसीएमएआई/आईसीएआई में पंजीकृत होना होगा और सीएमए/सीए (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण होना चाहिए ।

- दिनांक 01.07.2025 को उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**चयन प्रक्रिया**

- उम्मीदवारों को साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्त किया जाएगा।

**सामान्य शर्तें**

- प्रबंधन औद्योगिक प्रशिक्षु (एमआईटी-वित्त) का प्रारंभिक कार्यकाल एक वर्ष का होगा। हालांकि, उम्मीदवार के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करने के बाद दो वर्षों के लिए विस्तार पर विचार किया जा सकता है। एमआईटी (वित्त) की अवधि उनकी विस्तारित अवधि सहित अधिकतम तीन वर्षों की अवधि से अधिक नहीं होगी।

- सीएमए/सीए (इंटरमीडिएट उत्तीर्ण) की अर्हता के साथ एमआईटी (वित्त) को प्रदेय वृत्तिका रु. 25,000/- प्रति माह प्रथम वर्ष के लिए, द्वितीय वर्ष के लिए रु. 27,000/- प्रति माह और तृतीय वर्ष के लिए रु. 30,000/- प्रति माह होगी।

- एमआईटी (वित्त) प्रत्येक माह के पूरा होने वाले प्रशिक्षण के लिए एक दिन की आकस्मिक एवं बीमारी छुट्टी के लिए पात्र होंगे।

- विज्ञापन द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) में उपलब्ध कराया गया है। यदि विज्ञापन की कोई गलत व्याख्या होती है तो उसका अंग्रेजी संस्करण संदर्भित किया जाएगा और यह अंतिम होगा।

इच्छुक उम्मीदवार जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ नीचे उल्लिखित पते पर वॉक-इन चयन में भाग ले सकते हैं।

वॉक-इन चयन के समय सत्यापन के लिए अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा जिसके बिना अभ्यर्थियों को अनुमति नहीं दी जाएगी –

- आवेदन पत्र (वेबसाइट पर उपलब्ध है )
- जन्म तिथि के प्रमाण के लिए एसएससी प्रमाण-पत्र अनिवार्य है ।
- सीएमए/सीए इंटरमीडिएट उतिर्ण प्रमाण-पत्र
- श्रेणी/विकलांगता प्रमाण-पत्र यदि वे ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित हैं।

| **पद** | **वॉक-इन चयन की तिथि** | **वॉक-इन चयन का पता** | **रिपोर्ट करने का समय** |
|---|---|---|---|
| प्रबंधन औद्योगिक प्रशिक्षु (एमआईटी) | 23/07/2025 | भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, 55-1, मेन रोड निम्मलुरु, पामारू, कृष्णा, आंध्र प्रदेश- 521158 | 09:30 AM |

ऊपर दर्शाए गए पदों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर परिवर्तन हो सकती है।

अभ्यर्थियों को अपना एक वैध ई-मेल आईडी प्रदान करना होगा जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों से संबंधित सूचना ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।

किसी भी जानकारी के लिए कृपया rectmc@bel.co.in पर मेल करें।

पूरी जानकारी और अद्यतन जानकारी के लिए उम्मीदवार वेबसाइट **www.bel-india.in** को देखें।